C 62387170

*This Question Paper contains 8 printed pages.*
*(विभाग - A, B, C & D)*

Sl.No. 485231

# 14 (H)

**(FEBRUARY-MARCH, 2025)**

समय : 3 घंटे] [अधिकतम अंक : 80

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं A, B, C और D एवं कुल 1 से 55 प्रश्न हैं।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।
5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में बनाएँ।
6) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

## विभाग – A
## (गद्य विभाग)

■ निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : [3]

1) वृद्ध ईसाई पादरी ने क्या कहा?
   (A) तुम बड़े आलसी हो। (B) तुम भिखारी हो।
   (C) तुम ईमानदार बनो। (D) तुम लोग काम में गर्व नहीं लेते।

2) किस कंपनी के विज्ञापन में लिखा था कि महिला उम्मीदवार आवेदन न करें?
   (A) टेल्को (B) इन्फ़ोसिस
   (C) वीडियोकोन (D) सेमसंग

3) माधवन कौन थे?
   (A) साहित्यकार (B) राजनेता
   (C) वैज्ञानिक (D) अभिनेता

■ सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [3]

4) 'देख लेना, एक दिन यही बिन्दू घर में से ............ उठाकर न ले जाए तो मेरा नाम मालती नहीं।'
(सब्जी, ट्रंक, कपड़े)

5) 'एक नई शुरूआत' पाठ के लेखक ................ हैं।
(जाकिर अली, सुदर्शन, प्रेमचंद)

6) शादीराम को सदानंद के अंतिम समय पर उनके सिरहाने से ............... मिला।
(अलबम, पत्र, बटुआ)

■ निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए : [3]

7) पोम्पीनगर के खंडहरों से मिले एक नर-कंकाल की मुट्ठी में ..................
(A) चाँदी थी।
(B) सोना था।
(C) मोती था।

8) वनस्पति विज्ञान के महापंडित ..................
(A) डंकन थे।
(B) दयानंद थे।
(C) विवेकानंद थे।

9) रूपा का हृदय सन्न रह गया क्योंकि ..............
(A) काकी मेहमानों के बीच बैठी थी।
(B) काकी जूठी पत्तलों से टुकडे उठा-उठाकर खा रही थी।
(C) लाड़ली चारपाई से गिर पडी थी।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : [2]

10) सच्चा देशभक्त कौन है?

11) महिलाओं की सफलता के लिए सुधामूर्ति ने क्या कहा है?

■ निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : [2]

12) बिन्दू ने अपने दोष का पश्चाताप किस प्रकार किया?

अथवा

12) गाँव के युवक पंचायत के पदाधिकारियों से किस बात पर नाराज थे?

■ निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए : [3]

13) घायल हरिण शावक को बचाने के लिए कालिदास ने क्या–क्या किया?

अथवा

13) आपको बिस्मिल की माता के किन गुणों ने सबसे अधिक प्रभावित किया? और क्यों?

■ निम्नलिखित कथन का आशय स्पष्ट कीजिए : [2]

14) बुढ़ापा बहुधा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है।

अथवा

14) 'आज जीवन में धन ही जीवन का नियंत्रक परिबल बन गया है।'

## विभाग – B
## (पद्य विभाग)

■ निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : [3]

15) आज कल साधुओं के सामने कोई तर्क करने आये तो वे क्या युक्ति करते हैं?
(A) स्वयं को ही ज्ञानी सिद्ध करते हैं।
(B) डर के मारे वाद–विवाद ही नहीं करते।
(C) अपनी झोंपड़ी में प्रवेश ही नहीं करने देते।
(D) अपनी पोल खुल न जाये इसलिए मौन रहते हैं।

16) खरहा क्यों भागा?
(A) शिकारी कुत्ता पीछे पड़ा था।
(B) लोमड़ी उसके पीछे भाग रही थी।
(C) जंगल में आग लगी थी।
(D) खाने की तलाश में।

17) सुमित्रानंदन पंत किस काव्य के कवि हैं?
(A) साधूपदेश
(B) जन्मभूमि
(C) कश्मीर
(D) सवैये

■ सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [3]

18) कलधौत के धाम का अर्थ होता है ..............
(सोने के राजमहल, काली यमुना नदी, कृष्ण का राजमहल)

19) मीठे लागे वा के बोल, ए सखि साजन? ना सखि ...............।
(ढोल, मोर, चोर)

20) ................ बजाते शहनाई।
(कोयल, भ्रमर, कौआ)

■ निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए : [3]

21) गीता का गान करनेवाले ..................
(A) द्रोणाचार्य
(B) अर्जुन
(C) कृष्ण

22) जन शक्ति की चेतना द्वारा भारत में लाना है ................
(A) नवचेतना
(B) महाक्रांति
(C) परिवर्तन

23) समोसा खाया नहीं गया, क्योंकि ..................
(A) कच्चा था।
(B) तला नहीं था।
(C) ताजा नहीं था।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : [2]

24) प्रभु चंदन है तो भक्त क्या है?

25) किसकी कृपा से मीरा ने 'राम रतन धन' पाया है?

■ निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : [2]

26) कुत्ते ने लोमड़ी को क्या उत्तर दिया?

अथवा

26) भारतवर्ष हमारा जन्मस्थान कब से है?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए : [3]

27) रसखान श्री कृष्ण का सामीप्य किन–किन रूपों में किस प्रकार चाहते हैं?

अथवा

27) तोते ने पेड़ से अत्यधिक लगाव के क्या–क्या कारण बतलाए हैं?

■ निम्नलिखित कथन का आशय स्पष्ट कीजिए : [2]

28) "जब भी, भूख से लड़ने, कोई खड़ा हो जाता है, सुन्दर दीखने लगता है"

अथवा

28) हाथ में हो गोमुखी, माला सदा हिलती रहे, नम्र ऊपर से बने, भीतर छुरी चलती रहे।

## विभाग – C
## (व्याकरण विभाग)

■ निम्नलिखित कहावत का सही अर्थ लिखिए : [1]

29) दिन दूनी रात चौगुनी

■ निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए : [1]

30) जिसमें बल न हो

■ निम्नलिखित शब्द की संधि छोडिए : [1]

31) परमानंद

■ निम्नलिखित शब्द की संधि जोड़िए : [1]

32) विजय + उन्माद

■ निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य–प्रयोग कीजिए : [2]

33) आग बबूला होना।

■ निम्नलिखित शब्दों के विरोधी शब्द लिखिए : [2]

34) निराशा

35) बेईमान

■ निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची (समानार्थी) शब्द लिखिए : [2]

36) पवन

37) आँख

■ निम्नलिखित शब्दों की भाववाचक संज्ञा लिखिए : [2]

38) खुश

39) बच्चा

■ निम्नलिखित शब्दों की कर्तृवाचक संज्ञा लिखिए : [2]

40) कला

41) इतिहास

■ निम्नलिखित शब्दों के विशेषण बनाकर लिखिए : [2]

42) स्वर्ग

43) मखमल

■ निम्नलिखित शब्दों के समास पहचानकर लिखिए : [2]

44) हिरणशावक

45) त्रिभुज

## विभाग – D
### (लेखन कार्य)

■ निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए : [3]

46) ई–मेल (E-mail)

अथवा

समाचार पत्र

■ निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [6]

संसार के सभी महापुरूष साहसी थे। संसार के काम, बड़े अथवा छोटे, साहस के बिना नहीं होते। बिना किसी प्रकार का साहस दिखलाए किसी जाति या किसी देश का इतिहास ही नहीं बन सकता। साहसी व्यक्ति में एक गुप्त शक्ति रहती है जिसके बल से वह दूसरे मनुष्य को दु:ख से बचाने के लिए प्राण तक देने को प्रस्तुत हो जाता है। धर्म, देश, जाति और परिवार वालों के लिए नहीं, अपितु संकट में पड़े हुए अपरिचित व्यक्ति के सहायतार्थ भी उसी शक्ति की प्रेरणा से वह संकटों का सामना करने को तैयार हो जाता है। अपने प्राण की वह लेशमात्र भी परवाह नहीं करता। हर प्रकार के कलेशों को प्रसन्नता पूर्वक सहता है और स्वार्थ के विचारों को वह फटकने तक नहीं देता है। सत्साहस के लिए अवसर की राह देखने की आवश्यकता नहीं है। सत्साहस दिखाने का अवसर प्रत्येक मनुष्य के जीवन में पल–पल आया करता है। देश, काल और कर्तव्य पर विचार करना चाहिए और स्वार्थरहित होकर साहस न छोड़ते हुए कर्तव्य परायण बनने का प्रयत्न करना चाहिए। यही सत्साहस है।

प्रश्न :

47) संसार के सभी महापुरूष कैसे थे?

48) किसी देश का इतिहास कैसे बनता है?

49) सत्साहसी व्यक्ति में कैसी शक्ति होती है?

50) सत्साहसी व्यक्ति कलेशों को कैसे सहता है?

51) सच्चा सत्साहस किसे कहेंगे?

52) इस परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए।

■ निम्नलिखित पत्र लिखिए : [5]

53) 9 विजय पार्क सोसायटी, अहमदाबाद से फालगुनी पटेल अपनी सखी महेश्वरी भट्ट को जीवन में अनुशासन का महत्त्व समझाते हुए पत्र लिखती है।

■ निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उचित शीर्षक लिखिए : [5]

54) दयालू जमींदार – गाँव में अकाल पड़ना – रोटियाँ बनवाकर बाँटना – सभी में बड़ी रोटी लेने का लालच– छोटी लड़की का सबसे छोटी रोटी लेना – घर जाकर रोटी तोड़ना – सोने का सिक्का निकलना – जमींदार को वापस लौटाना – पुरस्कार – बोध।

■ निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर करीब 150 शब्दों में निबंध लिखिए : [7]

55) जल है तो कल है

प्रस्तावना – पानी के विविध उपयोग – पानी का दुरूपयोग – भविष्य की समस्या – बचाने के उपाय – उपसंहार।

अथवा

55) मेरा प्रिय खेल

प्रस्तावना – प्रिय खेल का नाम एवं परिचय – किस प्रकार खेला जाता है – कठिन अभ्यास – खेल से लाभ – उपसंहार।

अथवा

55) मोबाइल से लाभ – हानि

प्रस्तावना – टेकनॉलोजी का जमाना और पुराना जमाना – मोबाइल की खोज – कैसे काम करता है – विविध क्षेत्रों में लाभ – हानियाँ – उपसंहार।